समर बहादुर सिंह मौजूद रहे। अध्ययन किया है। हार्ट अटैक के और धूमपान का सेवन करना है। बढ़ रही है। उसमें सर्वाधिक युवा

# 'द्वारिकाधीश की छत्र-छाया में फल-फूल रहा शहर'

**जागरण संवाददाता, कानपुर :** जिला प्रशासन की ओर से नगर निगम और स्मार्ट सिटी के संयुक्त तत्वावधान में सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर और पर्यटन विकास एवं प्रोत्साहन समिति के सहयोग से कानपुर दर्शन यात्रा रवाना की गई। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि अपना शहर ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। जेके मंदिर में विराजमान द्वारिकाधीश की छत्र छाया में शहर फल-फूल रहा है। शहरवासियों को कानपुर के इतिहास और पौराणिक स्थल की जानकारी व दर्शन कराकर उनके ज्ञान का संवर्धन करना अच्छी पहल है।

मुख्य अतिथि महापौर और विशिष्ट अतिथि विधायक नीलिमा कटियार ने विद्यालय परिसर से कानपुर दर्शन यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक नीलिमा ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत जिस परिवेश का निर्माण करना है, उसकी पृष्ठ भूमि तैयार की जा रही है। कानपुर दर्शन यात्रा में विभिन्न स्थलों धार्मिक, पौराणिक, ऐतिहासिक महत्व के क्षेत्रों का शिक्षक व छात्रों ने भ्रमण किया।

ग्रीनपार्क में कानपुर दर्शन के लिए बस को झंडी दिखाकर रवाना करते सांसद सत्यदेव पचौरी (बाएं से दूसरे) • जागरण

**शहर में ग्रुप टूर की शुरुआत अच्छा संकेत : सांसद :** ग्रीनपार्क स्टेडियम की विजिटर गैलरी में पर्यटन विकास एवं प्रोत्साहन समिति के सहयोग से आयोजित कानपुर दर्शन यात्र का शुभारंभ सांसद सत्यदेव पचौरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि शहर में ग्रुप टूर की शुरुआत अच्छा संकेत है, जो घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करेगा। समिति के समन्वयक डा. सुधांशु राय ने शहर के पौराणिक, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों के महत्व के बारे में बताया। कहा-इसका उद्देश्य शहर के प्रति समझ को विकसित करके पर्यटन को बढ़ावा देना है। यात्रा में शहर के प्रमुख स्थलों को चिह्नित करते हुए भ्रमण कराया गया।

**कार्यक्रम में इन्होंने की शिरकत :** नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन, प्रतिपाल सिंह, जगदीश यादव, संतोष यादव, संयुक्त आयुक्त उद्योग सुनील कुमार, उपनिदेशक पर्यटन डा. कल्याण सिंह, पर्यटक अधिकारी अर्जित ओझा, उपनिदेशक खेल आरएन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, कानपुर सिटी बस प्रभारी डीवी सिंह, अर्थ फाउंडेशन के संस्थापक शैफाली राज, सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर की चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया, वाइस चेयरमैन व डायरेक्टर पार्थो पी. आदि मौजूद रहे।